दहीमन (*Cordia macleodii*) के वानस्पतिक गुणन उद्यान (Vegetaive multiplication garden) की स्थापना (10/07/2025)

उष्ण कटिबंधीय वन अनुसंधान संस्थान , जबलपुर में 10 जुलाई 2025 को दहीमन पौधों के वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य मध्य भारत के अत्यंत महत्वपूर्ण वृक्ष प्रजाति दहीमन का संरक्षण करना और निकट भविष्य में प्रयोगशाला में वेजिटिव प्रापगेशन तकनीकि से अत्यधिक मात्रा में दहीमन के पौधो का उत्पादन करना है।

कार्यक्रम में निदेशक डॉ. हरीश गिनवाल , समूह समन्वयक अनुसंधान श्रीमती नीलू सिंह , प्रभागाध्यक्ष डॉ. नासिर मोहम्मद और अन्य अधिकारियों ने भाग लिया और वृक्षारोपण किया। आनुवांशिकी एवं वृक्ष सुधार प्रभाग द्वारा अत्यंत दुर्लभ वृक्ष प्रजातियों के संरक्षण के प्रयासों को निदेशक महोदय द्वारा सराहना की।

परियोजना के प्रमुख अन्वेषक डॉ कौशल त्रिपाठी , वैज्ञानिक सी द्वारा दहीमन के पौधे बनाने और विकसित करने में आई चुनौतियों पर प्रकाश डाला, और साथ ही साथ इसके सर्वे और संरक्षण प्रयासों के लिए विभाग से सहयोग को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम के दौरान 90 वृक्ष लगाए गए और उनकी देखभाल के लिए आवश्यक कदम उठाने का संकल्प लिया गया। यह परियोजना छत्तीसगढ़ राज्य जैव विविधता बोर्ड द्वारा वित्तपोषित की जा रही है।

दहिमन का वनस्पति गुणन उद्यान (वी.एम.जी)
परियोजना: कॉर्डिया मैकलियोडी (दहिमन) की आबादी में परिवर्तनशीलता का आकलन और छत्तीसगढ़ में इसका संरक्षण
छत्तीसगढ़ राज्य जैव विविधता बोर्ड, रायपुर, द्वारा वित्त पोषित
10th July, 2025
वृक्ष सुधार प्रभाग

दहिमन का वनस्पति गुणन उद्यान (वी.एम.जी)

दहिमन का वनस्पति गुणन उद्यान (वी.एम.जी)
परियोजना: कॉर्डिया मैकलियोडी (दहिमन) की
आबादी मे परिवर्तनशीलता का आकलन और
छत्तीसगढ मे इसका संरक्षण
10th July, 20

10th July, 2025